प्रेसविज्ञप्तिनोट

वित्तवर्ष 2021-22 मेंभारतकेसमुद्रीउत्पादोंकानिर्यातउच्चतमस्तर 7.76 बिलियनअमेरिकीडॉलरपरपहुंचगया

प्रशीतित श्रिम्पनिर्यातकीप्रमुखमद

संयुक्तराज्यअमेरिका,चीन,यूरोपीयसंघ,दक्षिणपूर्वएशिया,जापानऔरमध्यपूर्वप्रमुखआयातक

कोच्चि, 29 जून: भारत ने भारी विषमताओं के बावजूद , 2021-22 के दौरान 57,586.48 करोड़ रुपये (7.76 बिलियन अमरीकी डालर) के 13 ,69,264 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य का निर्यात किया।

प्रशीतित श्रिम्प मात्रा , मूल्य दोनों के मामले में प्रमुख निर्यात मद बना रहा , जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन भारत के समुद्री खाद्य के प्रमुख आयातक बन गए।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान , रुपयेके संदर्भ में निर्यात में 31.71% ,अमरीकी डालर के संदर्भ में 30.26% और मात्रा के संदर्भ में 19.12% की वृद्धि हुई। वर्ष 2020-21 में , भारत ने 43 ,720.98 करोड़ रुपये (5 ,956.93 मिलियन अमरीकी डालर)के 11,49,510 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य का निर्यात किया।

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) के अध्यक्ष श्री केएन राघवन भा रा से ने कहा कि भारत अपने प्रमुख निर्यात बाजारों में कोविड महामारी के कारण उत्पन्न हुई कई चुनौतियों के बावजूद 13 ,69,264 मीट्रिक टन समुद्री खाद्य की मात्रा के साथ 7.76 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अब तक का सर्वोच्च निर्यात करने में कामयाब रहा।। वाणिज्य विभाग ,भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्यात लक्ष्यों को भी 99.4% तक पूरा किया गया।

प्रशीतित श्रिम्प , जिसने 42 ,706.04 करोड़ रुपये (5 ,828.59 मिलियन अमरीकी डालर) अर्जित किए , ने समुद्री खाद्य निर्यात में सबसे महत्वपूर्ण मद के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी,जो मात्रा में 53.18 प्रतिशत और कुल डॉलर

अर्जन का 75.11 प्रतिशत हिस्सा रहा । इस अवधि के दौरान श्रिम्पनिर्यात में अमरीकी डालर मूल्य में 31.68 प्रतिशत और मात्रा में 23.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वर्ष 2021-22 के दौरान प्रशीतित श्रिम्पका कुल निर्यात 7 ,28,123 मीट्रिक टन आंका गया था , जिससे 5 ,828.59 मिलियन अमरीकी डालर का विदेशी विनिमय प्राप्त हुआ।सबसे बड़ा बाजार , संयुक्त राज्य अमेरिका ने (3 ,42,572 मीट्रिक टन), इसके बाद चीन (1 ,25,667 मीट्रिक टन), यूरोपीय संघ (90 ,549 मीट्रिक टन),दक्षिण पूर्व एशिया (44,683 मीट्रिक टन) ,जापान(38,492 मीट्रिक टन), और मध्य पूर्व (37 ,158 मीट्रिक टन)प्रशीतित श्रिम्प का आयात किया। प्रशीतित श्रिम्पके निर्यात ने सभी बाजारों में मूल्य के हिसाब से वृद्धि दिखाई।

वन्नामेई (व्हाइट लेग) श्रिम्प का निर्यात वर्ष 2021-22 में 5 ,15,907 मीट्रिक टन से बढ़कर 6,43,037 मीट्रिक टन हो गया। अमरीकी डालर मूल्य के संदर्भ में कुल वन्नामेई श्रिम्प निर्यात में , संयुक्त राज्य अमेरिका का 59.05% हिस्सा है,इसके बाद चीन (14.59%) , यूरोपीय संघ (8.16%) ,दक्षिण पूर्व एशिया (4.78%),जापान(3.61%),और मध्य पूर्व (3.17%) का स्थान है। अमरीकी डालर मूल्य के मामले में 25.90% की हिस्सेदारी के साथ यूएसए भी ब्लैक टाइगर श्रिम्प के लिए प्रमुख बाजार बन गया , इसके बाद यूरोपीय संघ (23.78%) और जापान (22.71%) का स्थान है।

अन्य मदों में दूसरी सबसे बड़ी निर्यात मद ने 3 ,979.99 करोड़ रुपये (540.73 मिलियन अमरीकी डालर) प्राप्त किए , जो मात्रा में 12.96% और डॉलर की कमाई में 6.97% है। अन्य मदों के निर्यात में रुपये के मूल्य में 43.8% और डॉलर के मूल्य में 42.94% की वृद्धि हुई। अन्य मदों में अमरीकी डालर के संदर्भ में 56.55% तक सुरीमी और सुरीमी एनालॉग उत्पाद शामिल हैं।

तीसरी सबसे बड़ी निर्यात वस्तु ,प्रशीतित मत्स्य से 3471.91 करोड़ रुपये (471.45 मिलियन अमरीकी डालर) प्राप्त हुए, जो मात्रा में 16.55 प्रतिशत और

डॉलर अर्जन में 6.08 प्रतिशत है। प्रशीतित मत्स्य के निर्यात में मात्रा में 20.44% और डॉलर मूल्य में 17.19% की वृद्धि हुई।

प्रशीतितस्क्विड का निर्यात , 75,750 मीट्रिक टन आंका गया , मात्रा में 23.82% और डॉलर के संदर्भ में 40.24 प्रतिशत की वृद्धि हुई , और 2 ,806.09 करोड़ रुपये (383.37 मिलियन अमरीकी डालर)अर्जित किए ।

प्रशीतित कटलफिश का निर्यात , 58,992 मीट्रिक टन आंका गया , रुपये के मूल्य में 26.83% और अमरीकी मूल्य में 26.18% की वृद्धि हुई , और 2062.63 करोड़ रुपये (280.08 मिलियन अमरीकी डालर)अर्जित किए ।

73,679 मीट्रिक टन पर आंकी गई सूखी मदों के निर्यात ने रुपये के मूल्य में 28.27%की वृद्धि दिखाई , लेकिन अमरीकी मूल्य में 8.59% की गिरावट आई , और 1472.98 करोड़ रुपये (143.46 मिलियन अमरीकी डालर)अर्जित किए ।

एक आशाजनक क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले ठंडी मदों के निर्यात में भी मात्रा के संदर्भ में 23.08% और रुपये के संदर्भ में 53.45% की वृद्धि हुई , लेकिन अमरीकी डालर के संदर्भ में 1.87 प्रतिशत की गिरावट आई।

7,032 मीट्रिक टन पर आंकी गई जीवित मदों के निर्यात में मात्रा में 60.57%,रुपये के मूल्य में 47.43% और अमरीकी डालर के संदर्भ में 46.67% की वृद्धि देखी गई।

प्रशीतित श्रिम्प,प्रशीतित कटलफिश,प्रशीतितस्क्विड,सूखी मद और अन्य मदों की इकाई मूल्य प्राप्ति में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

जहां तक विदेशी बाजारों का संबंध है ,अमरीका 3371.66 मिलियन अमरीकी डालर के आयात के साथ मूल्य और मात्रा दोनों में भारतीय समुद्री खाद्य का प्रमुख आयातक बना रहा ,जिसका हिस्सा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 37.56% है। अमेरिका को निर्यात में मात्रा में 27.63% ,रुपये के मूल्य में 36.76% और अमरीकी डॉलर अर्जन में 37.56% की वृद्धि दर्ज की गई। प्रशीतित श्रिम्प अमेरिका को निर्यात की जाने वाली प्रमुख मद बनी रही और वन्नामेई श्रिम्प के निर्यात में मात्रा में 26.81% और डॉलर के संदर्भ में 34.65% की वृद्धि देखी

गई। अमेरिका को ब्लैक टाइगर श्रिम्प के निर्यात में मात्रा के लिहाज से 68.99% और अमरीकी डॉलर के संदर्भ में 152.06% की वृद्धि हुई।

1,175.05 मिलियन अमरीकी डालर मूल्य के 2 ,66,989 मीट्रिक टन के आयात के साथ चीन मात्रा के मामले में भारत से दूसरे सबसे बड़े समुद्री खाद्य निर्यात गंतव्य स्थान के रूप में उभरा है , जो मात्रा में 19.50% और डॉलर के संदर्भ में 15.14% है। चीन के बाजार को निर्यात मात्रा में 22.28% और रुपये के मूल्य में 31.09% और अमरीकी डालर मूल्य में 25.12% की वृद्धि हुई। चीन को किए गए कुल निर्यात की प्रमुख मद में प्रशीतित श्रिम्प का हिस्सा मात्रा में 47.07% और डॉलर मूल्य में 67.04% था , जबकि प्रशीतितमत्स्य का हिस्सा मात्रा के मामले में 32.10% और मूल्य के मामले में 15.19% था । चीन को किए गए निर्यात में प्रशीतित श्रिम्प ने मात्रा और मूल्य के हिसाब से सकारात्मक वृद्धि दिखाई।

यूरोपीय संघ निर्यात की प्रमुख मद प्रशीतित श्रिम्प के साथ भारतीय समुद्री खाद्य के लिए तीसरा सबसे बड़ा गंतव्य स्थान बना रहा ,जिसने मात्रा और डॉलर मूल्य में क्रमशः 29.11% और 37.09% की वृद्धि दर्ज की ।

दक्षिण पूर्व एशिया चौथा सबसे बड़ा बाजार है। निर्यात की प्रमुख मद प्रशीतित श्रिम्प का हिस्सा, 22.29% की वृद्धि के साथ मात्रा के हिसाब से 18. 36%और 36.81% अमरीकी डालर मूल्य है। निर्यात की दूसरी प्रमुख मद प्रशीतित मत्स्यका हिस्सा 82.24% की वृद्धि के साथ मात्रा के हिसाब से 33.42% और 21.42% अमरीकी डालर मूल्य है।

अमरीकी डालर मूल्य के संदर्भ में 5.68% और मात्रा में 6.60% की हिस्सेदारी के साथ जापान पांचवां सबसे बड़ा आयातक बना रहा , जिसने अमरीकी डालर मूल्य में 6.95% की वृद्धि दर्ज की। 74.55% हिस्सा और अमरीकी डालर मूल्य में 3.73% की वृद्धि के साथ प्रशीतित श्रिम्प जापान को किए जाने वाले निर्यात की प्रमुख मद बनी रही ।

मध्य पूर्व को किए गए निर्यात में भी मात्रा में 20 .2%,रुपये में 21 .27%और डॉलर के संदर्भ में 20.7% की वृद्धि देखी गई।